अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 27 अक्तूबर 2021
कार्तिक कृष्ण-षष्ठी
विक्रम संवत-2078

PAGE NO.11, TOP

क्रिकेट : केंद्रीय विद्यालय और जेपीएम ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

श्री राममूर्ति क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन खेला गया नॉकआउट मैच

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्री राममूर्ति क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट स्कूल और केंद्रीय विद्यालय एयर फोर्स स्कूल के बीच नॉकआउट मैच खेला गया। केंद्रीय विद्यालय ने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। प्रतिद्वंद्वी टीम के न आने पर जेपीएम को भी विजेता घोषित कर दिया गया। इस टीम का भी क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का हो गया।

टॉस जीतकर सेंट फ्रांसिस स्कूल ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। शुरुआती ओवर में ही सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट स्कूल की पूरी टीम 88 रन पर ऑलआउट हो गई। केंद्रीय विद्यालय टीम के कप्तान अंकित कुमार ने गेंदबाजी में 4 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करते हुए उतरे केंद्रीय विद्यालय के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 13.1 ओवर में 90 रन बनाकर मैच छह विकेट से जीत लिया। जेपीएम स्कूल और इस्लामिया इंटर कॉलेज के बीच होने वाले मैच में इस्लामिया की टीम तय समय पर नहीं पहुंची। जिस कारण जेपीएम की टीम को विजेता घोषित किया गया। दोनों टीमें अब अगले राउंड में पहुंच गई हैं।

मैच में अंपायर की जिम्मेदारी मो. फैजान और अजय गुप्ता ने निभाई। टूर्नामेंट सेक्रेटरी सोवन मोहंती ने बताया कि बुधवार को दो नॉकआउट मैच खेले जाएंगे। पहला मैच सुबह आठ बजे सेक्रेट हार्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल और महामाया स्कूल के बीच खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला एसआर इंटरनेशनल स्कूल और विद्या भवन पब्लिक स्कूल के बीच खेला जाएगा।